# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-21.06.2025**

**थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम किवाना में मंदिर के पुजारी से गाली गलौच कर धमकी देने के मामले में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से मोटर साईकिल बरामदः-**

ज्ञात हो दिनाँक 19.06.2025 को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम किवाना स्थित शिव मन्दिर निवासी कर्मनाथ उर्फ बाबा प्रीतमनाथ द्वारा अज्ञात व्यक्तियों को मंदिर परिसर में नशा करने से मना करने पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कर्मनाथ उर्फ बाबा प्रीतमनाथ से गाली गलौच करने व धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना कांधला पुलिस द्वारा सीसीटीवी आदि साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात अभियुक्तगण को चिन्हित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 21.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा ग्राम किवाना में मंदिर के पुजारी से गाली गलौच कर धमकी देने के मामले में वांछित 02 अभियुक्तगण को स्पलेण्डर मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

**नाम व पता अभियुक्तगणः-**

1.सोनू मलिक पुत्र अमरेश कुमार निवासी ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.आशीष पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम बुटराडी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.घटना में प्रयुक्त स्पेलन्डर प्लस रजि नं0 UP15CR 0717



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाटसएप्प अभद्र स्टेटस मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाटएप्प पर एक युवक द्वारा अभद्र स्टेटस लगाया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक झिंझाना को दिये गये थे।

आज दिनांक 21.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वारंटी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल निर्देशन में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाटएप्प पर अभद्र स्टेटस लगाने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.अनुज कुमार उर्फ नीटू पुत्र रामशरण निवासी मौहल्ला सैदमीर थाना झिंझाना जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 08 ग्राम स्मैक बरामदः-**

आज दिनांक 21.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 08 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सद्दाम पुत्र शकील निवासी ग्राम अलीपुर थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 08 ग्राम स्मैक।



**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**